। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार 20 फरवरी 2010 3

पैकेजिंग पेपर के दाम बढ़ाने का विरोध

स ॥ नई दिल्ली : पहले ही महंगाई की मार झेल रही जनता को पैकेजिंग खर्च बढ़ने से थोड़ी और महंगाई झेलनी पड़ेगी। इसलिए पैकेजिंग पेपर की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के विरोध में जॉइंट एक्शन कमिटी ने 3 मार्च को जंतरमंतर पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। फेडरेशन ऑफ कोरुगेटिड बॉक्स मैन्युफेक्चरर्स ऑफ इंडिया की इस कमिटी का कहना है कि मिल मालिकों द्वारा पेपर की कीमत लगातार बढ़ाने से उनका बिजनेस चौपट हो रहा है। कमिटी के संयोजक हरीश मदान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उत्तर भारत की क्राफ्ट पेपर मिलों ने एक महीने में ही 3 से 4 हजार रुपये प्रति टन कीमत बढ़ा दी है। इस पेपर का इस्तेमाल दूध, दवाई के साथ-साथ रोजमर्रा की अनेक वस्तुओं की पैकिंग में किया जाता है। नॉर्दर्न इंडिया असोसिएशन के अलावा यूपी, हिमाचल, राजस्थान, पंजाब, उत्तरांचल और हरियाणा के प्रतिनिधियों ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लेने की घोषणा की है।